Español | Shqip | العربية | বাংলা
Français | Kreyòl Ayisyen | हिंदी | 한국어
Polski | Русский | 简体中文 | 繁體中文 | اُردُو

[Date]

**प्रिय NYC Care सदस्य,**

आपके पास स्वस्थ रहने में आपकी मदद के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में पहुँच है, खासकर COVID-19 महामारी के दौरान, और आपकी आप्रवासन स्थिति या भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना।

इस **My NYC Care** सदस्य न्यूज़लेटर में, आपको इसके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी:

- **+ सदस्यता सेवाएं**
- **+ स्वस्थ रहने के नुस्खे**
- **+ COVID-19 परीक्षणों और टीकों का उपयोग कैसे करें**
- **+ NYC Care के अन्य सदस्यों की कहानियां**

NYC Health + Hospitals में आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीमें आपके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं, और मरीज की गोपनीयता को महत्व देती हैं। सभी पात्र न्यूयॉर्क वासी आप्रवासन की स्थिति या भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना NYC Care के लिए साइन अप कर सकते हैं। जब आप साइन अप करेंगे या अपनी सदस्यता नवीनीकृत करेंगे, तो आपकी जानकारी हमेशा निजी रखी जाएगी।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमें **646-NYC-CARE (646-692-2273)** पर कॉल करें या अधिक जानने के लिए हमारी वेबसाइट **www.nyccare.nyc** पर जाएं।

आपकी देखभाल के लिए हम पर विश्वास रखने के लिए धन्यवाद।

Marielle Kress

कार्यकारी निदेशक
NYC Care
NYC Health + Hospitals

Hindi




# स्वास्थ्य देखभाल का आपका अधिकार

## आप COVID-19 से लड़ने के लिए क्या कर सकते हैं

### *टीका लगवाएं!*



COVID-19 वैक्सीन सुरक्षित, नि:शुल्क, और आसान है। यह घातक वायरस से आपकी सुरक्षा करने का सबसे अच्छा तरीका है। 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी न्यू यॉर्क वासी वैक्सीन के लिए पात्र हैं और पूरे शहर के विभिन्न स्थानों पर वॉक-इन और अपॉइंटमेंट्स उपलबध हैं। हम NYC Care के सभी सदस्यों को आज ही उनका वैक्सीन लगवाने के लिए बहुत अधिक प्रोत्साहित करते हैं!

आपका सम्पूर्ण टीकाकरण किए जाने के दो सप्ताह पश्चात, आपको अब कई स्थानों पर चेहरे का मास्क पहनने या अन्य लोगों से 6 फुट दूर रहने की ज़रूरत नहीं होती है। लेकिन, आपको अभी भी ये रोकथान के कदम उठाने चाहिए:

+ **बीमार होने पर घर रहें**
+ **अपने हाथों को अक्सर धोएं**
+ **चिकित्सीय सुविधा केंद्रों और सामाजिक परिवहन जैसे अंदर वाले सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनें**

अधिक जानकारी के लिए और एक वैक्सीन साइट खोजने के लिए, **nychealthandhospitals.org/covidvaccine** पर जाएं।

और याद रखें, आप शहर-भर के स्थानों पर नि:शुल्क, सुरक्षित और गोपनीय COVID-19 परीक्षण प्राप्त कर सकते हैं। अपने निकट स्थान को खोजने के लिए **nyc.gov/covidtest** पर जाएँ या 212-COVID19 (212-268-4319) पर कॉल करें।

### *COVID-19 वैक्सीन सुरक्षित है और अच्छी तरह से काम करती है*

अमेरिका में वर्तमान में दिए जा रहे COVID-19 टीकों में से प्रत्येक को नैदानिक परीक्षण के माध्यम से हजारों लोगों की भागीदारी के साथ जोड़ा गया और खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) ने उपयोग की अनुमति देने से पहले उनकी सुरक्षा संबंधी समीक्षाएं की। ये सभी टीके COVID-19 की वजह से होने वाली गंभीर बीमारी और मौत के खिलाफ बहुत अच्छी तरह से काम कर रहे हैं।




अन्य टीकों की तरह, COVID-19 वैक्सीन हल्के दुष्प्रभाव पैदा कर सकता है। ये दुष्प्रभाव संकेत हैं कि आपका शरीर COVID-19 से सुरक्षा प्रदान कर रहा है। COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने से पहले और बाद में आपको क्या जानना चाहिए, इसके बारे में अधिक जानने के लिए, **nychealthandhospitals.org/covidvaccine** पर जाएं।





## वर्चुअल केयर - कभी भी, कहीं भी

जैसा कि हम COVID-19 महामारी की चुनौतियों का लगातार सामना कर रहे हैं, आपका स्वास्थ्य हमारे लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इन-पर्सन अपॉइंटमेंट्स के साथ, NYC Care के सदस्यों के पास टेलीफोन और वीडियो विजिट्स का एक्सेस होता है। डॉक्टर के कार्यालय में आए बिना हमारे स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ जुड़ें! देखभाल में देरी न करें! **646-NYC-CARE** पर कॉल करें और आज ही अपना अपॉइंटमेंट लें!

## NYC Care 50,000 से अधिक सदस्य के साथ मजबूत है!

+ **60 प्रतिशत** COVID-19 से सबसे अधिक प्रभावित हुए पड़ोस में रहते हैं
+ NYC Health + Hospitals में प्राथमिक देखभाल के लिए लगभग **50 प्रतिशत** नए लोग
+ सदस्यों ने **35,000** से अधिक सिफारिश की गई कैंसर की जांचों को प्राप्त किया है
+ मधुमेह और उच्च रक्तचाप वाले लगभग **50 प्रतिशत** सदस्यों का इन दीर्घकालिक रोगों पर बेहतर नियंत्रण है

आप अधिक यू यॉर्क वासियों को गरिमा और सम्मान के साथ स्वास्थ्य देखभाल पहुंच को अनलॉक करने में मदद कर सकते है। अपने किसी मित्र या परिवार के सदस्य को आज ही नामांकन करने के लिए **646-692-2273** पर कॉल करने के लिए कहें!

# सदस्यता अद्यतन

## हर साल अपनी NYC Care सदस्यता को नवीनीकृत करें

NYC Care की सदस्यता एक वर्ष के लिए स्थायी है। वार्षिक रूप से पुनः नामांकन की आवश्यकता होती है। अपनी नामांकन तिथि के लिए अपना सदस्यता कार्ड देखें। यदि आपकी सदस्यता की अंतिम तिथि समाप्त हो रही है या बीत चुकी है, तो **646-NYC-CARE** को कॉल करें:

+ अपॉइंटमेंट लें
+ फिर से नामांकित हो जाएं
+ अपने सदस्य लाभ के बारे में प्रश्न पूछें।

## सदस्य स्पॉटलाइट

“नवंबर 2019 में NYC Care का सदस्य बनने से पहले, मैं अपनी आप्रवासन स्थिति के कारण स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने से डर रहा था। जब मुझे पिछले साल COVID-19 हुआ, तो मुझे Manhattan में NYC Health + Hospitals/ Bellevue में मदद लेने पर भरोसा था। मुझे पता था कि NYC Care के सदस्य के रूप में मैं अपने जीवन को बचाने के लिए आवश्यक सभी मेडिकल देखभाल तक सुरक्षित रूप से पहुँच पाऊंगा। मैंने 21 दिन बिताए हैं और मैं अपनी कहानी बताने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हूं।”

*- Queens से 44 वर्षीय सदस्य Miguel*

**NYC Care के साथ अपने अनुभव के बारे में अपनी प्रेरक कहानी साझा करना चाहते हैं? NYCCare@nychhc.org पर हमें एक ई-मेल भेजें। कृपया "MY STORY (मेरी कहानी)" विषय पंक्ति का उपयोग करें। अपनी कहानी को साझा करने से दूसरों की स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिनकी उन्हें आवश्यकता है और वे हकदार हैं! यदि आप चाहें, तो आप गुमनाम रह सकते हैं (हम आपकी कहानी के साथ आपके नाम का उपयोग नहीं करेंगे)।**

**प्रश्नों के लिए, कृपया हमें NYCCare@nychhc.org पर ई-मेल करें**

**646-NYC-CARE (646-692-2273) • WWW.NYCCARE.NYC**